प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आज प्रस्तावित पालमपुर दौरा रद्द, खराब मौसम के चलते सुरक्षा कारणों से लिया गया निर्णय।
- संगठन की मजबूती व चुनाव की रणनीति को लेकर कांग्रेस का कांगड़ा में प्रशिक्षण शिविर–लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी करेंगे शिरकत।
- प्रदेश में नगर निगमों, नगर परिषदों व नगर पंचायतों में चुनावों के लिए पहले दिन 155 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन–आज और दो मई को भी भरे जाएंगे नामाकंन।
- राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में पंचायत चुनावों को लेकर अधिसूचना की जारी।
- धर्मशाला के नड्डी में बनेगी एशिया की सबसे लंबी जिपलाइन, कांगड़ा में पर्यटन को मिलेगा नया आयाम।

समाचार विस्तार से .......

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आज प्रस्तावित पालमपुर दौरा खराब मौसम के चलते रद्द हो गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में खराब मौसम की संभावना को देखते हुए सुरक्षा कारणों से ये निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति इन दिनों हिमाचल प्रदेश के 5 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास पर हैं और उनका आज पालमपुर स्थित चौधरी सरवण कुमार कृषि महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम था। कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के दीक्षांत समारोह को राज्यपाल कविंद्र गुप्ता वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। इस बीच राष्ट्रपति निवास छराबड़ा में आज ऐट होम का आयोजन होगा जिसमें कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक कांगड़ा में आयोजित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आगामी चुनावों को लेकर संगठन की तैयारियों की फीड बैक ली और बूथ स्तर तक कार्यकर्त्ताओं को सक्रिय रहने के निर्देश दिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल व अन्य केबिनेट मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ विधायकों ने भाग लिया।

राहुल गांधी

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी आज हिमाचल प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे कांगड़ा में तीन राज्यों के जिला अध्यक्षों के लिए आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी प्रशिक्षण शिविर में शिरकत करेंगे। इस दौरान वे संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीति पर चर्चा करेंगे। राहुल गांधी के इस दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित मंत्री गण व अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे।

नड्डा – स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन....

केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आज से चंडीगढ़ में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों में बेहतर और अनुकरणीय प्रथाओं व नवाचारों पर 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा अपनाई गई नवोन्मेषी और प्रभावशाली प्रथाओं को प्रदर्शित करना, उन्हें मान्यता देना और उनका दस्तावेजीकरण करना है। सम्मेलन में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को बेहतर बनाने, डिजिटल स्वास्थ्य नवाचारों और सेवा वितरण प्रणालियों में सुधार जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर पूर्ण सत्र, चर्चाएँ और प्रदर्शनियाँ आयोजित होंगी।

पंचायत चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में पंचायत चुनावों को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। प्रदेश की 3 हज़ार 7 सौ 54 पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे। इस बार पंचायत चुनाव में 50 लाख 79 हज़ार 48 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी

लोकतांत्रिक व्यवस्था के आधार स्तम्भ व राज्य की त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही प्रदेश में गतिविधियां तेज हो गई हैं। इन चुनावों के लिए 7, 8 और 11 मई को नामांकन दाखिल होंगे जबकि 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए प्रदेश में कुल 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं और लाहौल–स्पिति जिले की लांगजा पंचायत में कौमिक नामक स्थान पर 4 हजार 5 सौ 87 मीटर की उंचाई पर मतदान केन्द्र बनाया गया है। पंचायती राज संस्थाओं में प्रधान व उपप्रधान सहित कुल 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए चुनाव करवाए जा रहे हैं। इनमें से 15 हज़ार 6 सौ 56 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के मतों की गिनती मतदान पूरा होने के बाद उसी दिन पंचायत मुख्यालय में होगी, जबकि पंचायत समिति व ज़िला परिषद सदस्यों के मतों की गणना 31 मई को होगी। प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से राजकुमारी चंदेल।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने शिमला के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जाखू मंदिर में परिवार सहित माथा टेका और पूजा अर्चना की। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि जाखू मंदिर प्रसिद्ध शक्तिपीठ है और शिमला आने वाले सभी पर्यटकों को यहां जरूर आना चाहिए।

जिपलाइन

धर्मशाला के पास स्थित नड्डी व्यू प्वाइंट अब रोमांच और पर्यटन का नया केंद्र बनने जा रहा है। यहां प्रस्तावित एशिया की सबसे लंबी जिपलाइन परियोजना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कांगड़ा जिला संवाददाता

*करीब 5.3 किलोमीटर लंबी यह जिपलाइन धौलाधार पर्वत श्रृंखला की खूबसूरत वादियों के बीच विकसित की जाएगी, जहां पर्यटक रोमांच के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का अनोखा अनुभव लेसकेंगे। लगभग 7.50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना को 36 महीनोंमें पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। सबसे खास बात यह है कि इस प्रोजेक्ट को पूरीतरह पर्यावरण–अनुकूल बनाया जाएगा। पेड़ों की कटाई से बचते हुए प्रकृति केसंतुलन को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जाएगा। यह परियोजना न केवल कांगड़ा जिला को एडवेंचर टूरिज्म के मानचित्र पर नई पहचान देगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी। सरकार का लक्ष्य कांगड़ा को प्रदेशकी पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करना है, और यह पहल उसी दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।..*

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि चंबा में हल्की बारिश होने का समाचार है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ कि सक्रियता के चलते प्रदेश में 5 मई तक मौसम खराब बने रहने की संभावना है।

एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के अनुसार हिमाचल में स्नातक की सात साल में पूरी कर सकेंगे डिग्री, अब कॉलेज बदलना होगा आसान।

दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है मैंने ऑटोमैटिक कहा था, मैन्युअल क्यों लगाया, मिल्क प्लांट में अधिकारियों पर बरसे सीएम सुक्खू, रूकवाया काम। दैनिक जागरण के शब्द हैं क्या कमीशन के लिए हो रहा गुणवत्ता से समझौता।

हिमकेयर योजना घोटाले की जांच के लिए विजीलैंस टीमों की 9 जिलों में दबिश पंजाब केसरी की एक खबर है।

दैनिक जागरण के अनुसार सी बी एस ई स्कूलों के लिए शिक्षकों की छंटनी परीक्षा सही।

मौसम की खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है पहाड़ों पर बर्फबारी और बारिश से लौटी ठंड अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री कम।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आज प्रस्तावित पालमपुर दौरा रद्द, खराब मौसम के चलते सुरक्षा कारणों से लिया गया निर्णय।
- संगठन की मजबूती व चुनाव की रणनीति को लेकर कांग्रेस का कांगड़ा में प्रशिक्षण शिविर–लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी करेंगे शिरकत।
- प्रदेश में नगर निगमों, नगर परिषदों व नगर पंचायतों में चुनावों के लिए पहले दिन 155 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन–आज और दो मई को भी भरे जाएंगे नामाकंन।
- राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में पंचायत चुनावों को लेकर अधिसूचना की जारी।
- धर्मशाला के नड्डी में बनेगी एशिया की सबसे लंबी जिपलाइन, कांगड़ा में पर्यटन को मिलेगा नया आयाम।